हरियाणा ने इज़राइल के साथ जल सहयोग पर संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नई दिल्ली में हरियाणा सरकार और इज़राइल ने एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- इस संबंध में जानकारी देते हुए अटल भूजल योजना हरियाणा के सह परियोजना निदेशक एवं इंजीनियर-इन-चीफ डॉ. सतबीर सिंह कादयान ने बताया कि संयुक्त सहयोग समझौते पर विदेश मंत्रालय, इज़राइल के राजदूत इनायत शेलिन (Head MASHAV) के साथ हस्ताक्षर किये गए हैं।
- डॉ. सतबीर सिंह कादयान ने बताया कि जल क्षेत्र को बदलने और एसडीजी, 2030 लक्ष्यों को पूरा करने के लिये इज़राइल हरियाणा के साथ साझेदारी कर रहा है।
- इस संयुक्त घोषणा के हिस्से के रूप में, MASHAV जल प्रबंधन क्षेत्र में हरियाणा के विकास के लिये ज्ञान, क्षमता निर्माण और इज़राइली प्रौद्योगिकियों को साझा करेगा।
- गौरतलब है कि माशव (MASHAV) इज़रायल के विदेश मामलों के मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी के लिये हिब्रू का संक्षिप्त नाम है। माशव विकासशील देशों में इज़रायल के विश्वव्यापी विकास और सहयोग कार्यक्रमों के डिजाइन, समन्वय और कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-signs-joint-declaration-on-water-cooperation-with-israel